# स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम
# आदर्श महाविद्यालय अटारी, रायपुर

## राष्ट्रीय सेवा योजना

# नियमित गतिविधि
## सत्र 2023-24

**प्रदीप कांत खरे**
कार्यक्रम अधिकारी

**डॉ. समरेन्द्र सिंह**
प्राचार्य

# नवप्रवेशित स्वयंसेवकों का स्वागत

दिनांक 06.08.2023 को महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई में नव प्रवेशित स्वयंसेवकों का स्वागत कार्यक्रम किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ समरेन्द्र सिंह द्वारा अपने रासेयो संबंधित अनुभवों को साझा किया गया एवं विद्यार्थियों को समाज के बीच जाकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। इस स्वागत कार्यक्रम में कुल 22 स्वयंसेवकों की उपस्थिति दर्ज की गई।






# नियमित गतिविधि
# सत्र 2023-24
# प्रारंभ

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम

दिनांक 15.08.2023 को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम-अटारी के सेवा निवृत्त सैनिक श्री मनोज यादव जी को सम्मानित किया गया एवं महाविद्यालय परिसर में 100 वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समरेन्द्र सिंह जी सहित समस्त स्टॉफ एवं 35  रासेयो स्वयंसेवको की उपस्थिति दर्ज की गई।









# मतदाता रैली कार्यक्रम

दिनांक 26.08.2023 को निर्वाचन आयोग छत्तीसगढ़ द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु INCLUSIVE WALKATHON कार्यक्रम को आयोजन किया गया था जिसमें महाविद्यालय में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री प्रदीप कांत खरे एवं 20 की संख्या में रासेयो स्वयंसेवक सम्मिलित होकर मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया गया। यह कार्यक्रम मरीन ड्राईव रायपुर में आयोजित किया गया था।














# राष्ट्रीय खेल दिवस

दिनांक 29.08.2023 को महाविद्यालय में हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद सिंह जी के जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस मौके पर महाविद्यालय प्राचाग्र द्वारा जीवन में खेल की महत्ता को बताया गया एवं क्रीड़ा अधिकारी श्री पी. चन्द्रवंशी जी द्वारा रासेयो स्वयंसेवको एवं अन्य उपस्थित विद्याथियों को जीवन में नियमित रूप में खेल खेलने एवं खेलों से जुड़े रहने हेतु प्रेरित किया गया। इस मौके पर 51 रासेयो स्वयं सेवकों की उपस्थिति दर्ज की गई।













# रासेयो खेल कार्यक्रम

दिनांक 03.09.2023 को महाविद्यालय में महाविद्यालय में रासेयो खेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य नव प्रवेशित स्वयंसेवको का रासेयों खेलों से अवगत कराना था। इस कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समरेन्द्र सिंह जी द्वारा रासेयो में खेले जाने वाले विभिन्न खेलों की जानकारी दी गई एवं उन खेलों को खिलाया भी गया। इस रासेयो खेल कार्यक्रम में 25 रासेयो स्वयंसेवको की उपस्थिति दर्ज की गई।










# सेतुबंध कार्यक्रम

दिनांक 09.09.2023 व 10.09.2023 को बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में सेतुबंध आसन का विश्व रिकार्ड बनाने हेतु सेतुबंध कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें महाविद्यालय से 18 रासेयो स्वयंसेवक एवं कार्यक्रम अधिकारी श्री प्रदीप कांत खरे द्वारा उपस्थित होकर अपनी सहभागिता दर्ज की गई।










# रासेयो स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह

दिनांक 24.09.2023 उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन द्वारा रासेयो स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में किया गया। इस अवसर पर विषेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले रासेयो स्वयं सेवक एवं कार्यक्रम अधिकारीयों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की ओर 15 स्वयं सेवक एवं कार्यक्रम अधिकारी श्री प्रदीपकांत खरे जी उपस्थित थे।











# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम

दिनांक 02.10.2023 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जयंती पर महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत रासेया स्वयं सेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई कर परिसर को स्वक्ष्छ रखने का कार्य किया गया। इस स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में 25 रासेयो स्वयंसेवक उपस्थित हुए।












# फायर सेफ्टी कार्यक्रम

**दिनांक 20.10.2023 को महाविद्यालय के रासेयो ईकाई द्वारा फायर सेफ्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अग्निशमन विभाग टिकरापारा रायपुर के अधिकारियों को आमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगजनी की स्थिति एवं उससे बचने के उपयों से अवगत कराना था जिसका लाभ अपने विचाार रखे गए। इस कार्यक्रम में कुल 50 रासेयो स्वयं सेवक सम्मिलित हुए।**












# मेरी माटी मेरा देश समापन कार्यक्रम

दिनांक 31.10.2023 को महाविद्यालय को ''मेरी माटी मेरा देश'' समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अन्तर्गत देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा ''माटी का नमन'' एवं ''वीरों का वंदन'' करते हुए संबोधन दिया गया। जिसका प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से रासेयो स्वयंसेवको का दिखाया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य, समस्त शैक्षणिक स्टॉफ एवं 50 स्वयंसेवकों की उपस्थिति दर्ज की गई।










# वृक्षों का चिन्हांकन

दिनांक 31.12.2023 को रासेयो स्वयंसेवको द्वारा महाविद्यालय परिसर में मौजूद वृक्षों का चिन्हांकन चूने के माध्यम से रंग-रोगन पर किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 25 स्वयंसेवकों की सहभागिता रहीं। इसका मुख्य उद्देश्य वृक्षों के महत्व को बताना तथा वृक्षों के संरक्षण हेतु जागरूक करना था।












# नंदन वन पक्षी विहार भ्रमण

**दिनांक 01.01.2024 को रासेयो ईकाई द्वारा स्वयंसेवकों को नंदनवन में स्थित पक्षी विहार का भ्रमण कराया गया। जिसमें कुल 50 रासेयो स्वयंसेवको की उपस्थिति दर्ज की गई। इस भ्रमण कार्यक्रम में रासेयो स्वयंसेवकों को नंदनवन में विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों की जानकारी से अवतग कराया गया।**











# राष्ट्रीय युवा दिवस

दिनांक 12.01.2024 को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ समरेन्द्र सिंह के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए। युवाओं में युवा शक्ति जगाये रखने हेतु प्रेरित किया गया है। साथ ही स्वयंसेवकों द्वारा भी इस अवसर पर अपने विचार रखे गए। इस कार्यक्रम में कुल 50 रासेयो स्वयंसेवक सम्मिलित हुए।








# परीक्षा पर चर्चा

दिनांक 03.02.2024 को आगामी वार्षिक परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए एवं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा आयोजित ''परीक्षा पर चर्चा'' कार्यक्रम के तर्ज पर महाविद्यालय में भी ''परीक्षा पर चर्चा'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कुल 30 स्वयंसेवकों की सहभागिता दर्ज की गई। इस कार्यक्रम में प्राचार्य एवं अन्य स्टॉफ की मद्द से परीक्षा के दौरान होने वाली परेशानयों से विद्याथियों को अवगत कराया गया एवं उसके समाधान बताए गए।









# मतदान मित्र सम्मान कार्यक्रम

दिनांक 08.02.2024 को छ.ग. विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदाता मित्र के रूप में स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्य की सराहना हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुल 30 स्वयंसेवकों की उपस्थिति दर्ज की गई ।












# वसंत पंचमी कार्यक्रम

दिनांक 14.02.2024 को महाविद्यालय में वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समरेन्द्र सिंह द्वारा मां सरस्वती की पौराणिक कथाओं के माध्यम से विद्यार्थी जीवन में ज्ञान की महत्ता को बताया गया। इस अवसर पर कुल 25 स्वयंसेवकों की उपस्थिति दर्ज की गई ।






# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम

**दिनांक 28.02.2024 को महाविद्यालय में विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ समरेन्द्र सिंह, भौतिक शास्त्र के प्राध्यापक डॉ रश्मि शर्मा एवं गणित के प्राध्यापक डॉ जयेश करंजगावकर द्वारा अपना व्याख्यान विद्यार्थियों के बीच प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 30 स्वयंसेवक एवं अन्य विद्यार्थियों ने सम्मिलित होकर कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज की।**










धन्यवाद!